हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 19 अप्रैल 2024

04 ऐतिहासिक रही प्रभु श्री राम की शोभायात्रा...



07 श्रीराम की शोभायात्रा में 13 झांकियों के साथ ...





### एसटीआर ने आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

# रिश्तेदारों को भोजन कराने आरोपियों ने किया तीन जंगली सुअरों का शिकार

जिले की सोहागपुर तहसील के पास गोपालपुर गांव में तीन आरोपियों ने अपने रिश्तेदारों को भोजन कराने के लिए तीन जंगली सुअर का शिकार किया। एसटीआर की डॉग टीना ने छुपे हुए मांस से मामला उजागर किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले के सोहागपुर के पास गोपालपुर गांव में तीन जंगली सुअर का शिकार हुआ। सगे तीन भाइयों ने नवरात्र के बाद घर-परिवार, रिश्तेदारों को दावत देने के लिए नहर किनारे जाल लगाकर जंगली सुअर का शिकार किया। शिकार के बाद सुअर के 50 किलो मांस को नदी की रेत में



गाड़कर छिपा दिया। एक किलो मांस को घर में पानी की टंकी में रख दिया।शिकार की खबर फॉरेस्ट विभाग को लगी। इसके बाद एसटीआर की डॉग टीना को लेकर डॉग स्क्वाड प्रभारी पद्मसिंह और रेंजर सुमित पांडे वन अमले को लेकर गोपालपुर पहुंच गए। संदिग्ध व्यक्ति के घर की तलाश की। डॉग टीना ने बाइक में लगे खून से सूंघकर घर में पानी की टंकी में छिपाकर रखे मांस तक पहुंच गई। करीब एक किलो मांस जब्त किया। फॉरेस्ट टीम के घर पहुंचने से पहले शिकार करने वाले कमोदा पिता चेतराम भाग गया। टीम ने दूसरें दिन कमोदा को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपने भाई रामसिंह व पुन्नी के साथ मिलकर 3 सुअर का शिकार करना स्वीकार किया। मांस को नदी किनारे रेत में गड़ाकर छिपाना बताया। फॉरेस्ट टीम ने तीनों भाई को गिरफ्तार किया। रेत में छिपाकर रखा मांस निकलवाया। आरोपी तीनों भाइयों के के खिलाफ वन्य प्राणी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर किया। तीनों आरोपियों को न्यायालय पेश कर जेल भेज दिया गया। रेंजर सुमित पांडे ने बताया आरोपी कमोदा ने बताया कि कमोदा, रामसिंह व पुन्नी ने हीरापुर के पास नहर में जाल लगाया था। एक-दो घंटे में तीन जंगली सुअर फंस गए। जिन्हें कुल्हाड़ी व हसिए से काटा। करीब 50 किलो मांस को बोरी में भरकर नदी में रेत में छिपा दिया। एक किलो मांस बोरी में रखकर बाइक से घर ले आए, जिसे पानी की टंकी में छिपा दिया। मांस लाने के दौरान बाइक पर खून लगा हुआ था। मुखबिर से सूचना मिली कि जंगली सुअर का शिकार हुआ। सूचना मिलते ही हम डॉग स्क्वाड टीम व अमले के साथ संदिग्ध शिकारी के घर पहुंचे। इससे पहले आरोपी मौके से फरार हो। घर के सामने खड़ी बाइक में लगे खून को सतपुडा टाइगर रिजर्व की डॉग टीना ने सूंघ लिया, जिससे उसकी मदद से कच्चा मांस घर से जप्त किया।


#### रिश्तेदार को भोजन कराने के लिए किया शिकार

रेंजर पांडे ने बताया आरोपी सपेरे है। पूछताछ में बताया कि घर-परिवार व रिश्तेदारों को दावत के रुप में भोजन कराने के लिए तीन जंगली सुअर का शिकार किया। नवमीं, दशमी की पूजन मांस को रखते। फिर प्रसाद के रुप में सभी को खिलाने की तैयारी थी। इसलिए मांस को बोरी में भरकर रेत में छिपा दिया था। दावत देते उससे पहले शिकार का राज उजागर हो गया। तीनों आरोपियों को पिपरिया जेल भेज दिया गया है।

## माखननगर में व्यवसायी की फर्म पर जीएसटी ने मारा छापा, कार्रवाई जारी

### टैक्स चोरी होने की अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम




नर्मदापुरम के माखननगर में गुरुवार को सराफा लाइन स्थित संगठन डेरिया और सत्याग्रह डेरिया फर्म पर जीएसटी टीम ने छापा मारा। इस कार्रवाई से नगर में हड़कंप मच गया। दोपहर 12.30 बजे 10 वीआईपी गाड़ियों से अधिकारी इन सराफा दुकानों पर पहुंचे। फर्म से जुड़े संस्थानों में कागजात और अन्य दस्तावेजों की जांच शुरू की। अधिकारी बंद शटर में कार्रवाई कर रहे है। दोनों सराफा दुकानों के बाहर पुलिस बल तैनात है। कार्यवाही करने वाली टीम भोपाल और इटारसी की बताई जा रही है। टीम के एक सदस्य से बात करने की कोशिश की तो उन्होंने कुछ से से बचते हुए जांच कर रहे अफसरों से बात करने का हवाला दे दिया। सराफा फर्म द्वारा जीएसटी टैक्स की चोरी की है या नहीं। इस बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता। फिलहाल इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। खबर लिखे जाने तक जीएसटी की कार्रवाई जारी रहीं।

### ईवीएम कमीशनिंग के कार्य का जिला निर्वाचन अधिकारी ने लिया जायजा

**नर्मदापुरम।** लोकसभा निर्वाचन 2024 की निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना के निर्देशों के परिपालन में जिले में ईव्हीएम एवं व्हीव्ही पेट की कमीशनिंग का कार्य गुरुवार को संपन्न हो गया है। नोडल अधिकारी ईव्हीएम प्रबंधन नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि 17 एवं 18 अप्रैल को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136-सिवनीमालवा के 318 मतदान केन्द्रों के लिए 381 बीयू, 381 सीयू एवं 413 व्हीव्हीपेट की कमीशनिंग कुसुम महाविद्यालय सिवनीमालवा में संपन्न हुई। इसी तरह से विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 137-होशंगाबाद के 238 मतदान केन्द्रो के लिए 285 बीयू, 285 सीयू एवं 309 व्हीव्हीपेट की कमीशनिंग एसएनजी स्कूल नर्मदापुरम में , विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 138-सोहागपुर के 314 मतदान केन्द्रो के लिए 376 बीयू, 376 सीयू एवं 408 व्हीव्हीपेट की कमीशनिंग कृषि उपज मंडी सोहागपुर में तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 139-पिपरिया के 317 मतदान केन्द्रों के लिए 380 बीयू, 380 सीयू एवं 412 व्हीव्हीपेट की कमीशनिंग भगत सिंह महाविद्यालय पिपरिया में संपन्न हुई। जिले में कुल 1422 बीयू, 1422 सीयू एवं 1542 व्हीव्हीपेट के कमीशनिंग का कार्य संपन्न हुआ।

## गेहूं रिजेक्ट होने पर समितियों को शोकाज नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

जिले में विभिन्न फसलों का उपार्जन कार्य किया जा रहा है। उपायुक्त सहकारिता ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि जिले में गेहूं, चना मसूर, सरसों के उपार्जन का कार्य सहकारी समिति द्वारा उपार्जन एजेंसी स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन गेहूँ के लिए एवं मार्कफेड द्वारा चना, मसूर एवं सरसों का एजेंट के रूप में उपार्जन किया जा रहा है। उपार्जन समितियों को उपार्जन नीति अंतर्गत एफएक्यू अर्थात मानक गुणवत्तायुक्त गेहूं, चना का उपार्जन करने के निर्देश है। किन्तु समितियों द्वारा उपार्जित गेहूं एफएक्यू क्वालिटी का न होने से भंडारण एजेंसी द्वारा रिजेक्ट किये जाने से समितियों को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किये गये हैं। उप आयुक्त सहकारिता ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि गेहूँ के लिए प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति रायपुर, ठीकरी, खिड़यि, तरोनकला, रामपुर, देवगांव, शोभापुर, अन्हाई, रानी पिपरिया, नर्मदांचल विपणन समिति नर्मदापुरम समितियों को कारण बताओं नोटिस जारी किये है वही चना के लिए प्राथमिक कृषि साख सहकारी समति शिवपुर, कोठरा, झकलाय, लोखरतलाई, लोधड़ी एवं चौतलाय समितियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। उन्होंने सर्व संबंधितो को चेतावनी दी है कि यदि वे निर्देशो का पालन नही करते है तो उनके विरूद्धसेवा नियमों के अंतर्गत नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## कलेक्टर ने गेहूं व चना उपार्जन कार्य की समीक्षा की, व्यवस्था बनाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



कलेक्टर सोनिया मीना ने गुरुवार को गेहूं एवं चना उपार्जन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में उपार्जन का कार्य सुचारू एवं व्यवस्थित तरीके से किया जाए। सभी गेहूं उपार्जन केंद्र पर किसानों के लिए पेयजल एवं छाया की व्यवस्था रहे। जिन उपार्जन केंद्रों पर किसानों की स्लॉट बुकिंग वर्तमान में चालू नहीं है ऐसे सभी उपार्जन केंद्र पर कृषकों से संपर्क किया जाये। उन्होंने भुगतान एवं परिवहन की स्थिति की भी समीक्षा की और कहां की गेहूं उपार्जन का भुगतान पेंडिंग ना रहे किसानों के खातों में प्राथमिकता से जमा हो जाए। परिवहन व्यवस्था सुचारू रखने के लिए नागरिक आपूर्ति निगम और उपायुक्त सहकारी संस्थाएँ को समन्वय हेतु कंट्रोल रूम बनाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने निर्देश दिए की जिन समितियां में गेहूं परिवहन किया जा रहा है और वहां पर यदि हम्मालों की कमी है तो अन्य समितियां से हम्मालों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। डीआरसीएस ने बताया कि अब तक किसानों से 151 करोड़ रुपए राशि मूल्य का गेहूं उपार्जन किया गया है, समस्त कृषकों के ईपीओ जारी हो चुके है और अब तक 50 करोड़ रुपए का भुगतान किसानों के खातों में सफलतापूर्वक किया गया है। गेहूं परिवहन की जानकारी देते हुए बताया गया कि अब तक 62 हजार 967 मेट्रिक टन में से 52 हजार 757 मीट्रिक टन गेहूं का परिवहन किया गया है। कलेक्टर द्वारा उपार्जन कार्य में गति लाने हेतु जिला एवं खंड स्तरीय उपार्जन समितियों को निर्देशित किया गया।

## एसएसटी जांच नाको पर सघन जांच अभियान जारी

### अब तक 11.70 लाख रुपए की राशि जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। आदर्श आचार संहिता की अवधि में किसी भी प्रकार से तय राशि से अधिक नगदी, शराब, शास्त्र ले जाने पर रोक लगी है। नगद राशि के परिवहन के जांच हेतु जिले में चेक पोस्ट नाके बनाए गए हैं।

जहां 16 मार्च से तय राशि से अधिक नगदी एवं अन्य संदिग्ध वस्तुएं ले जाने पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना ने एसएसटी जांच नाको पर वाहनों के आवागमन पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नगद राशि एवं अन्य संदिग्ध वस्तुओं के परिवहन करने पर जांच के भी निर्देश दिए हैं। इसके लिए एसएसटी एवं एफ एस टी जांच दल का गठन किया गया है। जो चेक पोस्ट पर 24 घंटे तैनात रहकर वाहनों पर निगरानी रख रहे है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 मार्च से 18 अप्रैल तक चेक पोस्टों पर वाहनों से कुल 11 लाख 70 हजार रुपए की नकद राशि बरामद की गई है। जिन्हें सुरक्षार्थ जमा किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिपरिया के चेक पोस्ट से मुकेश यदुवंशी पिता श्याम सिंह यदुवंशी निवासी नसरुल्लागंज के वाहन से 6 लाख 70 हजार रुपए। सोहागपुर के चेक पोस्ट से देवराम पिता गोपाल यादव निवासी ग्राम सेमलिया जिला जिला खंडवा से 1 लाख 50 हजार रुपए एवं सिवनी मालवा के चेक पोस्ट से कुलदीप बेरवा पिता कैलाश चंद बेरवा निवासी ग्राम गोधी जिला टोंक राजस्थान के वाहन से 3 लाख 50 हजार रुपए नगद बरामद हुए। उपरोक्त व्यक्तियों द्वारा बरामद राशि के संबंध में संतोषजनक जानकारी न देने पर उक्त राशि सुरक्षार्थ जमा की गई है।

### प्रशिक्षण में अनुपस्थित लोक सेवकों के विरुद्ध की जाएगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत आयोजित किए गए विभिन्न प्रशिक्षणो में बिना किसी सूचना एवं अवकाश के अनुपस्थित लोक सेवकों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिकारी 1951 के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। सहायक नोडल अधिकारी प्रबंधन प्रशिक्षण लोकसभा निर्वाचन नर्मदापुरम ने बताया कि सामान्य प्रथम प्रशिक्षण में कुल 7518 लोक सेवकों को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें से 78 लोक सेवक अनुपस्थित पाए गए। इसी प्रकार द्वितीय प्रशिक्षण में कुल 6896 लोक सेवकों को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें से 22 लोक सेवक अनुपस्थित पाए गए। इस तरह कुल 100 लोक सेवकों को कारण बताओं नोटिस सूचना पत्र जारी किए गए थे। जिन लोक सेवकों ने कारण बताओं नोटिस का जवाब समय सीमा में प्रस्तुत नहीं किया है साथ ही जिनके जवाब संतोष प्राप्त नहीं पाए गए हैं, ऐसे लोक सेवकों के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जा रही है।

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

स्थानीय हरदा वायपास पर एक युवक टहल रहा था उसी दौरान अज्ञात वाहन चालक ने तेज गति और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर युवक को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। देहात थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। देहात थाने से मिली जानकारी के अनुसार बैतूल निवासी सुदर्शन झांडे हरदा वायपास पर टहल रहा था, उसी दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे युवक की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर ही है।

## नर्मदापुरम में सूर्यदेव ने दिखाए तीखे तेवर, सीजन का दिन में सर्वाधिक तापमान 40.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज

### गर्म हवा ने नागरिकों को कराया लू के थपेड़ों का अहसास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

पिछले तीन दिनों से पश्चिमी विक्षोभ का असर कम होने और राजस्थान की ओर से चल रही गर्म हवाओं के चलते नर्मदांचल का तापमान भी परवान चढ़ रहा है। गुरूवार को सीजन का सर्वाधिक तापमान रिकार्ड किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक गुरूवार को दिन का तापमान 40.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है तो वहीं रात का तापमान 26.4 डिसे दर्ज किया गया है। इसी तरह बुधवार को नर्मदापुरम का सर्वाधिक तापमान 40.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। जबकि मंगलवार को दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इसी तरह बुधवार को नर्मदापुरम का दिन का तापमान 26.3 डिसे रहा। जबकि मंगलवार को 26.4 डिसे दिन का तापमान दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के परिहार ने बताया कि पिछले 8 दिनों में मौसम का मिजाज 38 डिसे के इर्द गिर्द रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक 7 अप्रेल को नर्मदापुरम में रात का तापमान 38.4 डिसी और दिन का तापमान 24.5 डिसे, 8 अप्रेल को दिन का तापमान 38.6 डिसे और रात का तापमान 23 डिसे, 9 अप्रेल को अधिकतम तापमान 39.4 डिसे और न्यूनतम तापमान 22.5 डिसे, 10 अप्रेल को दिन का तापमान 38.1 डिसे और रात का तापमान 23 डिसे, 11 अप्रेल को अधिकमत तापमान 33.8 डिसे और न्यूनतम तापमान 19.6 डिसे, 12 अप्रेल को अधिकतम तापमान 35 डिसे और न्यूनतम तापमान 23.8 डिसे, 13 अप्रेल को अधिकतम तापमान 36.3 डिसे और न्यूनतम तापमान 20.8 डिसे, 14 अप्रेल को अधिकतम तापमान 36.1 डिसे और न्यूनतम तापमान 22.2 डिसे, 15 अप्रेल को 38.7 डिसे और न्यूनतम तापमान 25.6 डिसे, 16 अप्रेल को अधिकतम तापमान 40 डिसे और न्यूनतम तापमान 26.4 डिसे दर्ज किया गया है।

## दो आंखों से संदेश के 4 अलग भाग तो एक आंख से पूरा संदेश दिखाकर किया जागरूक

### कलेक्टर के मार्गदर्शन मे सारिका का मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम




आमतौर पर किसी पोस्टर को लोग सिर्फ एक सूचना बोर्ड के रूप में देखते हुये इसके अंदर लिखे संदेश को गंभीरता से नहीं लेते हैं लेकिन उसी संदेश को किसी नवाचारी तरीके से आमलोगों के सामने रखा जाये तो उसको देखने एवं पढ़ने की उत्सुकता बढ़ जाती है। इस मनोविज्ञान को ध्यान में रखते हुये स्वीप आईकॉन सारिका घारू ने मतदान करने के संदेश को नवाचारी रूप में प्रस्तुत किया है । सारिका ने बताया कि कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के मार्गदर्शन में पर्यटन क्षेत्रों में मतदान जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत इसे स्थाई प्रदर्शनी के रूप में लगाया है।

सारिका ने बताया कि वोट देने का संदेश देते हुये वोटमेन को चार भागों मे 20 फीट की जगह पर लगाया गया है। दोनो आंखों से देखने पर ये चारों भाग अलग–अलग दिखाई देते हैं। लेकिन जब सामने लगे बोर्ड में बने एक छिद्र की मदद से एक आंख से देखा जाता है तो सभी चारों भाग मिलकर एक बनकर मतदान की अपील करते नजर आते हैं। इस लिये इस प्रदर्शनी को एक नजर में करे मतदान को स्वीकार नाम दिया गया है। सारिका ने बताया कि इसे देखने लोगों में कुतुहल देखा जा रहा है और दर्शक न केवल देख कर संदेश ग्रहण कर रहे है बल्कि अपने मोबाईल से फोटो लेकर सोशल मीडिया पर भेज रहे हैं। इस प्रदर्शनी के माध्यम से सारिका यह संदेश दे रही हैं कि जिस प्रकार एक नजर से देखने पर पूरा वोटमेन दिखाई देता है ठीक उसी प्रकार आप मतदान तिथि को मतदान और अन्य कार्यो में से मतदान को एक नजर में प्राथमिकता दें। क्योंकि आगामी पांच सालों के लिये आपके प्रतिनिधि चुनाव का यही तो एकमात्र दिन है ।

### नर्मदावैली इंटरनेशनल स्कूल में हुआ अवार्ड सेरेमनी का आयोजन

## मेधावी बच्चों को अतिथियों ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल नर्मदापुरम में गुरूवार को मेधावी छात्र-छात्राओं के उत्साहवर्धन के लिए अवार्ड सेरेमनी का आयोजन मुख्य अतिथि द्वय डॉक्टर सुनील जैन कार्डियोलॉजिस्ट जिला अस्पताल नर्मदापुरम एवं पलक गोयल यूपीएससी रैंक होल्डर के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र वितरित कर उनके मनोबल में वृद्धि की गई।

संस्था के प्राचार्य इमरान खान द्वारा अपने वक्तव्य में शाला की उपलब्धियां से अवगत कराते हुए



शिक्षा, खेल एवं अन्य गतिविधियों की उत्कृष्टता को बनाए रखने का आश्वासन देते हुए विद्यार्थियों को समर्पित भाव से लक्ष्य प्राप्ति हेतु आगे बढ़ाने की शिक्षा दी। मुख्य अतिथि डॉक्टर जैन ने अपने उद्बोधन में शाला की उत्कृष्ट शिक्षा नीति एवं परीक्षा परिणाम की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को सफल एवं श्रेष्ठ जीवन शैली हेतु अपने शिक्षकों पर पूर्ण विश्वास रखने की सीख दी तो वहीं नर्मदावली इंटरनेशनल स्कूल की पूर्व छात्र एवं आज की मुख्य अतिथि सुश्री पलक गोयल ने अपने विद्यार्थी जीवन के कुछ अनुभव साझा करते हुए अपनी सफलता का श्रेय शाला एवं शिक्षकों को देते हुए गुरु के आशीर्वाद की महत्ता को प्रकट किया। शाला के संचालक मनीष अग्रवाल, प्राचार्य इमरान खान, कोऑर्डिनेटर श्वेता शुक्ला एवं शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### नाबालिग से ज्यादती करने वाले आरोपी पर केस दर्ज

**नर्मदापुरम।** ग्वालटोली में रिश्तेदार के यहां आए युवक आरोपी राहुल अहिरवार पर नाबालिग से ज्यादती करने का आरोप लगे हैं। एसडीओपी पराग सैनी ने बताया कि आरोपी बैतूल तरफ का रहने वाला है। वह अपने रिश्तेदार के यहां आया था और इस दौरान पास में रहने वाली 16 साल की बच्ची के साथ उसने ज्यादती की। पहले उसने प्रेम प्रसंग में उलझाया और फिर उसके साथ दो से तीन बार ज्यादती की। परिजनों को पता चला तो उन्होंने बच्ची के साथ आकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपी ने बच्ची को मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने 376 धारा के अलावा पॉक्सो एक्ट के तहत भी मामला दर्ज कर लिया है। एसडीओपी के अनुसार आरोपी फरार है। उसे गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीम गई है। मामले की जांच चल रही है।

### सेवा मतदाताओं से प्राप्त पोस्टल बैलट का प्रतिदिन किया जाएगा संधारण

**नर्मदापुरम।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत सेवा मतदाताओं से प्रतिदिन प्राप्त होने वाले पोस्टल बैलट को जिला मुख्यालय में ट्रेजरी स्थित खजाना भवन में संधारित किया जाएगा। नोडल अधिकारी डाक मतपत्र प्रबंधन अनिल जैन ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि भारतीय डाक विभाग से प्राप्त होने वाले लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद के समस्त पोस्टल बैलट जिला मुख्यालय के ट्रेजरी में स्थित खजाना भवन में प्रतिदिन दोपहर 12:00 बजे संधारित किए जाएंगे। उन्होंने निर्वाचन में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों अथवा उनके प्रतिनिधि को उक्त प्रक्रिया के दौरान जिला मुख्यालय ट्रेजरी स्थित खजाना भवन में उपस्थित रहने के लिए अनुरोध किया है।

## खबर संक्षेप

### बसपा प्रत्याशी भलावी ने दाखिल किया नामांकन

**बैतूल।** बैतूल संसदीय क्षेत्र-29 से बसपा प्रत्याशी अर्जुन भलावी ने गुरुवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। बसपा प्रत्याशी ने दोपहर 2.11 बजे एसडीएम राजीव कहार के समक्ष अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। कहार के साथ उप जिलाध्यक्ष अजित मेरावी भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि बसपा प्रत्याशी के नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 20 अप्रैल को जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी द्वारा की जाएगी। बहुजन समाज दल के प्रायोजित अभ्यार्थी द्वारा अभ्यार्थिता वापस लेने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल को 3 बजे तक निर्धारित की गई है। बहुजन समाज पार्टी द्वारा प्रायोजित अभ्यार्थी को प्रतीक आवंटन 22 अप्रैल को 3 बजे के बाद किया जाएगा। 7 मई को मतदान दिवस निर्धारित किया गया है।

### बीजासनी मंदिर के जवारे ताप्ती जी में विसर्जित



**बैतूल।** गंज स्थित बीजासनी मंदिर में चैत्र नवरात्र महोत्सव प्रतिवर्षानुसार धूमधाम से मनाया गया। 300 से अधिक अखंड ज्योत प्रज्वलित हुई। नौ दिनों की सेवा पूजा अर्चना प्रतिदिन के भोग महाआरती के साथ संपन्न हुई। मंदिर के संस्थापक एवं मंदिर समिति के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि बीजासनी मंदिर में घट विसर्जन दशमी के दिन किया जाता है, जिसका कारण यह है कि नवमी की रात्रि को मां सिद्धिदात्री सिद्धि प्रदान करने आती है तथा नौ दिनों की पूजा साधना एवं तप का फल प्रदान करती है। यह पूछने पर की क्या कारण है की घट विसर्जन हेतु ताप्ती जी के खेड़ी घाट पर या बारहलिंग जाते हैं, उन्होंने बताया माता के घट व जवारे माता का ही स्वरूप है तथा माता का मिलन माता से कराया जाता है। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं व नगरवासियों से नवरात्र महोत्सव में प्रदान किए गए सहयोग के लिए धन्यवाद प्रेषित किया है।

### कैंपस एम्बेसेडर, स्वीप आईकान से जागरुक किए जाएंगे: अक्षत जैन

**बैतूल।** लोकसभा निर्वाचन में शासन की मंशा के अनुसार अधिक से अधिक लोग मतदान पर्व में सम्मिलित होकर भारत की संप्रभुता और एकता के लिए अपने नागरिक होने का परिचय दें। मतदान पर्व और उसके महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय स्वीप के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों के द्वारा मतदाताओं को आकर्षित करने का प्रयास किया जा रहा है और इसी अनुक्रम को आगे बढ़ाते हुए स्वीप के नोडल अधिकारी अक्षत जैन ने कहा कि कैम्पस एम्बेसेडर और स्वीप आईकान के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने के प्रयास किए जायेंगे। जिले के जाने पहचाने, लोकप्रिय एवं व्यक्ति विशेष को स्वीप ऐम्बेसेडर बनाया जा रहा है। स्वीप एम्बेसेडर के माध्यम से मतदाता में मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश पहुंचाया जाता है। इसी अनुक्रम में स्वीप के नोडल अधिकारी एवं अपर कलेक्टर (विकास) अक्षत जैन द्वारा विभिन्न शासकीय महाविद्यालयों, अशासकीय महाविद्यालयों के स्वीप ऐम्बेसेडर की बैठक का आयोजन किया गया था।

### बैठकें कर बनाएंगे चुनावी रणनीति

**बैतूल।** कांग्रेस प्रत्याशी रामू टेकाम और पूर्व विधायक निलय डागा ने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में कदम बढ़ाते हुए बैतूल विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में बैठकें आयोजित करने की घोषणा की है। इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य पंचायत मुख्यालयों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम जनता के साथ संवाद बनाना है। आगामी 19 अप्रैल को शाम 4 बजे से लेकर रात्रि 9 बजे तक कई गाँवों में बैठक का आयोजन होगा। बैठक में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हेमंत वागद्रे, किसान कांग्रेस अध्यक्ष रमेश गायकवाड़, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष लवलेश राठौर, बैतूल विधानसभा चुनाव प्रभारी यूथ कांग्रेस विजय धुर्वे आदि मौजूद थे।

---

### श्रीराम मंदिर प्रांगण से निकली शोभायात्रा, नगर भ्रमण के बाद हर्षोल्लास के साथ समापन

# ऐतिहासिक रही प्रभु श्री राम की शोभायात्रा जगह-जगह पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



मठारदेव मित्र मंडली एवं रामनवमी समिति के संयुक्त तत्वाधान में प्रभु श्रीराम की शोभायात्रा भव्यरूप से निकल गई शोभायात्रा श्रीराम मंदिर प्रांगण से शाम 5 शुरू हुई जो दोबारा शोभायात्रा 11:30 बजे श्रीराम मंदिर प्रांगण में पहुंची और यहां पर समापन किया गया।

बाबा मठारदेव मित्र मंडली के माध्यम से 12 फीट के प्रभु श्रीराम की जो प्रतिमा और झांकी तैयार की गई थी वह आकर्षण का केंद्र रही पिछले 9 वर्षों से लगातार प्रभु श्रीराम की शोभा यात्रा निकालने का कार्य किया जाता है इस वर्ष शोभायात्रा निकाली जाने में समिति के पदाधिकारी के माध्यम से जी जान से कार्य किया गया। इसका परिणाम यह रहा कि इस बार की शोभा यात्रा में लगभग पाच हजार से अधिक लोग शामिल हुए और इस शोभा यात्रा का जगह-जगह भव्य रूप से स्वागत और पुष्प वर्षा करने का काम किया गया।श्री राम रथ एवं झांकियां के अलावा चार बैंड पार्टी एवं धमाल को शामिल किया गया और विद्युत नगरी सारनी के 13 वार्डों में यह शोभायात्रा घूमने का कार्य किया जाएगा। मठारदेव मित्र मंडली एवं रामनवमी समिति के पदाधिकारी ने बताया कि शाम 5 बजे श्रीराम मंदिर प्रांगण से शोभा यात्रा रात 11.30 बजे के लगभग श्री राम मंदिर प्रांगण में पहुंची इस शोभायात्रा में श्री राम रथ एवं झांकियां के अलावा चार बैंड पार्टी एवं धमाल शामिल किया गया है। शोभायात्रा गेस्ट हाउस के सामने से दुर्गा मंदिर होकर साई मंदिर श्री साई मंदिर होते हुए समाज कल्याण केंद्र के सामने से बाजार चौक होते हुए मां काली मंदिर जगन्नाथ मंदिर हाई स्कूल सुपर द टाइप होते हुए सुपर एफ,डी टाईप, सुपर ई कॉलोनी पाठाखेड़ा नगर पालिका चौराहा से पुराना एलआईसी ऑफिस होते हुए शीतला माता मंदिर पाठाखेड़ा से नगर पालिका चौराहा से शिव मंदिर सतना लाइन होते हुए शॉपिंग सेंटर से जय स्तंभ चौक से यह शोभा यात्रा श्री राम मंदिर प्रांगण में पहुंची।







### पगड़ी बांधे थी शीतला माता मंदिर समिति की महिलाएं

रामनवमी के पावन अवसर पर बाबा मठारदेव मित्र मंडली और शोभा यात्रा समिति के संयुक्त तत्वाधान में निकाली गई शोभा यात्रा में शीतला माता मंदिर समिति की महिलाएं आकर्षक का केंद्र नहीं महिलाओं के माध्यम से सर पर पगड़ी और स्कूटी पर सवार होकर संपूर्ण चौक चौराहे पर महाराष्ट्रीयन वेशभूषा के साथ सामूहिक नृत्य करने का काम किया गया जिसकी वजह से राहत चला कोई भी व्यक्ति इन महिलाओं के आकर्षित वेशभूषा और सामूहिक नृत्य को देखकर अपने आप को रोक नहीं पा रहा था पिछले 10 वर्षों से लगातार निकल जा रही शोभा यात्रा इस बार वाकई प्रशंसनिक योग्य रही है और संयुक्त रूप से सभी राजनीतिक दल के नेता सामाजिक कार्यकर्ता व्यापारियों के माध्यम से संयुक्त रूप से प्रयास किया गया और इसका परिणाम यह रहा कि इस बार की प्रभु श्री राम की शोभायात्रा संपूर्ण जिले में चर्चा का विषय रही इसके अलावा बगडोना के व्यापारियों के माध्यम से शोभायात्रा निकालने का कार्य किया गया और यह शोभा यात्रा नगर पालिका परिषद सारनी के स्वागत द्वार से होते हुए हवाई पट्टी पर पहुंची और प्रभु श्री राम की शोभायात्रा का समापन करने का कार्य किया गया सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए सारनी और बगडोना में पुलिस के जवानों की पूरी व्यवस्था रही।

### बजरंग अखाड़ा का मुख्य अभियंता ने किया पूजा के साथ शुभारंभ

*प्रभु श्री राम की शोभा यात्रा का शुभारंभ मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के मुख्य अभियंता व्ही.के कैथवास और श्री राम मंदिर के पुजारी की उपस्थिति में पूजा आराधना करने के बाद शुभारंभ किया गया बजरंग अखाड़ा के कार्यकर्ता पदाधिकारी के माध्यम से इस शोभा यात्रा में एक से बढ़कर एक कर्तव्य दिखाकर उपस्थित लोगों को दांतों तले उंगली चबाने के लिए मजबूर कर दिया गया। सामूहिक लठ चलाने की बात हो या फिर गदा का शानदार तरीके से प्रदर्शन करने यह सभी कार्य बजरंग अखाड़ा दल के पदाधिकारी के माध्यम से खूबसूरती के साथ किया गया इसके अलावा ट्रैक्टर के चक्के को युवाओं के द्वारा उठाकर उसे पर मुगदल की शानदार प्रदर्शनी करने का कार्य बजरंग अखाड़ा दल के पदाधिकारी के द्वारा किया गया जो भी इस करतब को और बजरंग अखाड़ा की पदाधिकारी के द्वारा दिखाई जाए करतब को देख रहे थे वह निश्चित तौर से एक बार रुक कर उनके करतब की सराहना करने से चुप नहीं पा रहे थे इस अवसर पर बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी और अखाड़ा से जुड़े लोगों उपस्थित रहे।*

---

# मां मरही माता मंदिर में चल रही देवी भागवत कथा का हर्ष और उल्लास के साथ विश्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर

विगत दिनों से चली आ रही देवी भागवत कथा का आज विश्राम दिवस रहा। जिसमें मरही माता समिति के सदस्यों ने मिलकर 9 दिन की कथा में विशेष सहयोग देने वाले सभी लोगों का तिलक लगाकर सम्मान किया गया। और विश्राम दिवस होने के कारण लोगों के मन में उत्साह तो चरम सीमा पर था।

परंतु उन्हें थोड़ा सा ऐसा भी हो रहा था कि भगवान की भक्ति में नवरात्र पर्व के अवसर पर यह शुभ अवसर सोने में सुहागा जैसा भक्ति करने का प्राप्त हुआ है।चैत्र नवरात्र के पावन पर्व में अष्टमी के शुभ अवसर पर पंडित अखिलेश परसाई के द्वारा श्रीमद् देवी भागवत कथा में मां मनसा देवी एवं मां देवी भगवती एवं भगवान लक्ष्मी नारायण की सुंदर कथा का श्रवण भक्तों को करवाया गया ।एवं भक्त भी अपने घरों में अष्टमी के पूजन अर्चन कन्या भोज आदि के कार्यक्रम होने के बावजूद भी भारी संख्या में भागवत कथा पंडाल में उपस्थित हुए। एवं देवी भागवत कथा का श्रवण किया ।

भक्तों को सुंदर मां भगवती के भजनों का श्रवण करवा रहे गायकवाड बंधु के द्वारा बताया गया की उनके द्वारा मरही माता मंदिर के प्रांगण में चल रही देवी भागवत कथा मैं भक्तों को सुंदर देवी मां के भजनों का श्रवण करवाया जा रहा है। इससे उन्हें बहुत अधिक प्रसन्नता हो रही है ।और शाहपुर के नगर वासी बहुत ही सनातनीहिन्दु है जो भारी संख्या में भक्त कथा श्रवण करने के लिए उपस्थित होते हैं एवं आरती पूजन कर प्रसाद का लाभ प्राप्त करते हैं सभी भक्त देवी मां के सुंदर भजनों का श्रवण कर झूम उठते हैं एवं बाकी भक्ति में लीन हो जाते हैं सभी भक्त बहुत अधिक प्रसन्न है ।क्यों ने नवरात्र के पावन पर्व पर मां देवी भगवती की सुंदर कथा का श्रवण करने एवं मां मरही माता के दर्शन करने का पुण्य लाभ प्राप्त हो रहा है। एवं हर सनातनी हिंदू धर्म का व्यक्ति पुण्य लाभ अर्जित करने के लिए भागवत कथा के प्रांगण में उपस्थित होता है ।एवं आरती पूजन कर पुण्य लाभ प्राप्त करता है।

देवी भागवत कथा को श्रवण करने के लिए भोपाल इंदौर जैसे शहरों से भी भक्तगण और आसपास के क्षेत्र के ग्रामों से ग्रामीण भक्त भी मंदिर प्रांगण में उपस्थित हुए।

# पीएम आवास के कॉलम तोड़ने पर मामला

## पुलिस ने दो महिलाओं के खिलाफ की कार्रवाई

**बैतूल।** मिर्च पाऊडर आंखों में डालकर पीएम आवास के कालम तोडऩे के मामले में पीड़ित की शिकायत पर झल्लार पुलिस ने दो महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद पुलिस ने एक्शन लेते हुए पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने के लिए आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### दो पर हुआ मामला दर्ज

केरपानी निवासी पीड़िता साधना सोलंकी ने झल्लार थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 8 अप्रैल दिन सोमवार को पीएम आवास की बाऊंड्रीवाल बनाने के लिए मजदूरों से लोहे के कॉलम खड़े करवा रहे थे। तभी रताय बारस्कर नाम की महिला आई और उसने मजदूरों को धमकी देकर भगा दिया। लेकिन इस दौरान कालम खड़े हो गए थे। रात साढ़े 9 बजे रताय बारस्कर, प्रमिला लोखण्डे के साथ आई और गंदी-गंदी गालियां देने लगी।



रताय बारस्कर ने आंखों में मिर्ची पाऊडर डाल दिया और इसके बाद कालम तोडक़र फेंक दिए। दोनों महिलाओं ने धमकी भी दी कि यदि दुबारा काम शुरू किया तो जेसीबी मशीन से घर तोड़ देंगे। पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपी महिलाओं के खिलाफ धारा 294, 506, 427, 34 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

---

# रबि की फसल में मिलेगी भरपूर बिजली 3 करोड़ से होगा सब स्टेशन का निर्माण

## अग्रवाल पावर प्राइवेट लिमिटेड भोपाल कंपनी को मिला ठेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

घोड़ाडोगरी ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्र के किसान अघोषित बिजली कटौती लो वोल्टेज से लंबे समय से परेशान चल रहे थे। अब किसानों को रवि की फसल में भरपूर बिजली मिलने की संभावना है। तीन करोड़ की लागत से रतनपुर पंचायत में सब स्टेशन का निर्माण कार्य किया जाएगा।

इसको लेकर सभी तरह की आपत्ति पूर्ण कर ली गई है और 0.5 सेक्टर भूमि हल्का पटवारी के माध्यम से नापी करके बिजली विभाग को स्वीकृत करने किया कार्य किया जाएगा उसके बाद 6 माह के भीतर सब स्टेशन का निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद जुवाड़ी, कोयलारी, मेहकार, रतनपुर, रानीपुर, चारगांव, आमडाना, खमालपुर, अनकावाड़ी, खोखरा, रैयतवाड़ी, सिहारी शाहित दर्जन गांवों के किसानों को आने वाले रवि के सीजन में भरपूर मात्रा में बिजली मिल पाएगी। शाहपुर क्षेत्र के एई गोविंद राव डोंगरे ने बताया कि बारिश के दिनों तक किसानों को थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा सब स्टेशन 6 माह में बनकर कंप्लीट हो जाएगा। इधर अग्रवाल पावर प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर जितेंद्र पिपरानजे ने बताया कि सब स्टेशन का कार्य कंप्लीट करने के लिए लगभग 6 माह लगेंगे उसके बाद किसानों को भरपूर बिजली मिल पाएगी सब स्टेशन के लिए घोड़ाडोगरी तहसीलदार के मौखिक आदेश पर घोड़ाडोगरी आ रहे मोहन धुर्वे हल्का पटवारी ग्राम पंचायत रतनपुर पहुंचकर जमीन चिन्हित कर सीमांकन किया गया। मोहन धुर्वे ने बताया कि सब स्टेशन के लिए 0.5 हेक्टेयर जमीन प्रस्तावित की है जिस पर सब स्टेशन का निर्माण कार्य किया जाना है। एई गोविंद राव डोंगरे ने बताया कि सब स्टेशन का कार्य जनवरी में ही प्रारंभ होना था लेकिन फॉरेस्ट विलेज आ जाने के कारण यह कार्य की स्वीकृति नहीं मिल पाई। आज तहसीलदार आदेश पर मोहन धुर्वे हल्का पटवारी सब स्टेशन प्रभारी लाइनमैन विनोद वनखेडे, सूरज अतुलकर, अनिल सिनोटिया एवं अग्रवाल पावर प्राइवेट लिमिटेड भोपाल के प्रोजेक्ट मैनेजर जितेंद्र पिपरानजे प्रस्तावित जमीन का सीमांकन किया।

### श्रीरामनवमी पर भगवामय हुआ नगर, जय श्रीराम के गूंजे उद्घोष

# श्रीरामलला की मूर्ति रही आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

रामनवमी के शुभावसर पर मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव नगर में अपार भक्तिभाव, सौहार्द के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पूरे शहर को भगवामय कर सजाया गया था, जिससे हर तरफ भगवा ध्वज ही नजर आ रहे थे। शाम को श्री राम और माता जानकी की विशाल शोभायात्रा भी निकाली गई। शोभायात्रा में भगवान श्रीरामलला की अयोध्या में स्थापित प्रतिमा की प्रतिकृति, सभी लोगों के आकर्षण का केंद्र रही।

### यहां से निकली शोभायात्रा

श्री रामनवमी पर बुधवार रात शहर के अलग-अलग हिस्सों से राष्ट्रीय हिन्दू सेना, व्यायाम शाला, रघुवंशी समाज सहित अन्य संगठनों ने मिलकर शोभायात्रा निकाली।



सदर, टिकारी, थाना रोड समेत अन्य क्षेत्रों से निकाली गई यह यात्राएं लल्ली चौक कोठी बाजार पहुंची। जहां महाआरती का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय हिंदू सेना द्वारा गेंदा चौक सदर पर आरती के बाद शोभा यात्राा आयोजन शाम 6.30 बजे से किया गया। यह कार्यक्रम रात्रि तक चलते रहा। राष्ट्रीय हिन्दू सेना शहर में पिछले 8 वर्षों से राम जन्मोत्सव पर सदर गेंदा चौक से भव्य शोभायात्रा का आयोजन करते आ रही है, प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी शोभायात्रा निकाली गई। बुधवार रात भी संगठन ने गेंदा चौक सदर से यह यात्रा निकाली, जिसका समापन महाआरती कर लल्ली चौक पर हुआ। इस शोभा यात्रा में दर्जनों झांकियां और प्रतिमाओं को शामिल किया गया था।

### शोभायात्रा में बड़ी संख्या में मौजूद थे श्रद्धालु

नगर में विभिन्न क्षेत्रों सदर, टिकारी से निकाली गई शोभायात्रा में व्यायाम शाला के करतबबाजों ने अपनी कला के जमकर जौहर दिखाए। यह यात्रा भी मुख्य मार्ग से गुजरकर लल्ली चौक पहुंची। जहां श्रद्धालु महा आरती में शामिल हुए। इसी दौरान थाना रोड से भी शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरे शहर का माहौल राममय हो गया था। बड़ी संख्या में श्रद्धालु और दर्शक आयोजन में शामिल होने जुटे रहे।

---

### भंडारपानी गांव के लोगों ने की चुनाव के बहिष्कार की घोषणा

# पानी, सड़क, बिजली और स्कूल नहीं तो वोट नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

प्रदेश सरकार के माध्यम से शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में विकास किए जाने का खोखला दावा नूतनडागा गांव के अंतर्गत आने वाले भंडार पानी पोल खोलता दिखाई दे रहा है। भंडारपानी गांव में जो मूलभूत सुविधा है वह मूलभूत सुविधा को भी लोग तरस रहे हैं इस गांव को वर्ष 2002 में भंडारपानी नाम से स्थापित किया गया था लगभग 22 वर्षों से कोरकू समाज के लोग गांव में मूलभूत सुविधा जैसे बिजली, पानी, सड़क, स्कूल, अच्छी शिक्षा के लिए तरस रहे हैं लेकिन प्रदेश और केंद्र सरकार के खोखली दावे इस गांव में दम तोड़ते दिखाई दे रहे हैं और कोरकू समाज के लोगों का कहना है कि पिछले 22 वर्षों से मूलभूत सुविधा के लिए जादोजहद किया जा रहा है।

लेकिन विधायक पटवारी, आरआई, तहसीलदार, एसडीएम और कलेक्टर को शिकायत करने के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हो पाया है। ऐसी स्थिति को देखते हुए भंडारपानी गांव के लोगों के माध्यम से लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की घोषणा की है। ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की घोषणा के लिए फ्लेक्स भी बनाया है जिस पर लिखा है कि रोड नहीं तो वोट नहीं लोकसभा चुनाव 2024 का मतदान बहिष्कार अब इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि कोरकू गांव के लोग पिछले 22 वर्षों से गांव में मूलभूत सुविधा के लिए तरस रहे हैं और प्रदेश में 21 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी की सरकार है भारतीय जनता पार्टी की सरकार के दावे कितने सटीक लागू होते हैं इसका जीता उदाहरण नूतनडगा के भंडारपानी गांव में निवास करने वाले कोरकु समाज के लोग हैं।

### झोंपड़ी में संचालित होता है स्कूल

कोरकू समाज के लोगों का कहना है कि बिजली पानी सड़क के अलावा सबसे महत्वपूर्ण यदि कोई चीज है तो वह स्वस्थ और शिक्षा है शासन की उदासीनता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कक्षा पहली से कक्षा पांचवी तक का स्कूल एक झोपड़ी में संचालित होता है और पांचवी के बाद ज्यादातर विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते हैं,क्योंकि भंडारपानी गांव से दूसरे स्कूल की दूरी लगभग 20 किलोमीटर है और ऐसे में कोरकू समाज के विद्यार्थी 20 किलोमीटर का सफर पूरा नहीं कर पाते इस वजह से पांचवी के बाद समाज का विद्यार्थी आगे की पढ़ाई को छोड़ देता है। यही वजह है कि प्रदेश और केंद्र सरकार की योजनाओं से वंचित कोरकू समाज के लोग लोकसभा चुनाव का बहिष्कार कर रहे हैं। 50 परिवार के लगभग 350 से अधिक लोग है और इन परिवारों को गरीबी रेखा का दर्जा भी प्राप्त नहीं है ऐसी स्थिति में कोरकू समाज के लोगों के माध्यम से दोनों राजनीतिक दल के प्रत्याशियों के चुनाव बहिष्कार की घोषणा की गई।

### क्या कहते हैं ग्रामीण



सड़क बिजली पानी जैसे मूलभूत सुविधा गांव में नहीं है कोरकू समाज के लोगों को केवल चुनाव के समय उपयोग करके जनप्रतिनिधि भूल जाते हैं इस वजह से इस बार लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की घोषणा गांव के लोगों के माध्यम से की गई है।

■ **शंकर शीलू**
ग्रामीण भंडारपानी



पिछले 22 वर्षों से गांव में मूलभूत सुविधा दिलाने के लिए संघर्ष करने हैं लेकिन सफलता नहीं मिल रही है ऐसी स्थिति में चुनाव के बहिष्कार का निर्णय ग्रामीणों के माध्यम से लिया गया है।

■ **सुखलाल अटकोले**
ग्रामीण भंडारपानी



गांव में कक्षा पांचवी के बाद विद्यालय की सुविधा नहीं है जिसकी वजह से कोरकू समाज के लोग पढ़ाई से वंचित रह रहे हैं और सरकार इसका सीधा लाभ उठा रही है लेकिन इस बार मूलभूत सुविधा नहीं तो वोट नहीं का नारा ग्रामीणों के माध्यम से दिया गया है।

■ **दलसिंग अटकोले**
ग्रामीण भंडारपानी



आदिवासी कोरकू समाज का व्यक्तिगत शिक्षित नहीं होगा तो निश्चित तौर से राजनीतिक दल के लोग उनका आर्थिक मानसिक शारीरिक शोषण करेंगे ऐसे में मूलभूत सुविधा जब तक नहीं दी जाती तब तक लोकसभा सहित सभी चावन का बहिष्कार करने का कार्य किया जाएगा ।

■ **लाल सिंग दरसिम्हा**
ग्रामीण भंडारपानी



22 सालों से मूलभूत सुविधा की मांग करते-करते अब ग्रामीण थक चुके हैं आदिवासी सांसद और विधायक रहने के बाद भी कोरकू समाज की कोई शुद्द लेने को तैयार नहीं है ऐसे में चुनाव का बहिष्कार करने के अलावा कोई दूसरा हथियार दिखाई नहीं दे रहा है।

■ **सिखलाल अखंड**
ग्रामीण भंडारपानी

### ग्रामवासियों ने किया मतदान का बहिष्कार

*बैतूल। कोलगांव जिला मुख्यालय से 24 किलोमीटर दूर ताप्ती की गोद में बसे गांव गुद्दी के ग्रामीणों ने लोकसभा के चुनाव में मतदान का बहिष्कार किया हैं। आज भी यह गांव आजादी के 77 वर्ष बाद भी बारिश के चार माह अन्य स्थानों से कटा रहता है। इस गांव की आबादी 640 और यहां वोटरों की संख्या 424 है। ग्राम के लोगो ने मतदान का बहिष्कार किया है और उनका कहना है कि ताप्ती नदी जब बारिश में अपने रौद्र रूप में आती है तो गांव का संपर्क पूरी तरह मुख्य रोड से टूट जाता है जिसे ग्रामीणों को मुख्य मार्ग पर पहुंचना नामुमकिन हो जाता है , जिससे गर्भवती महिला का प्रसव सही समय पर नहीं हो पाता और बारिश में दूसरे अन्य मरीज को भी इलाज नहीं मिल पाता है जिससे बारिश में ग्रामीणों को भारी परेशानी होती है।*

### ओवरब्रिज की उखड़ी गिट्टी अब तार तक दिखने लगे

**सीहोर।** शहर के लुनिया चौराहे से मंडी क्षेत्र की ओर जाने के लिए करीब 5 साल पहले रेल लाइन के ऊपर 14 करोड़ की लागत से ओवर ब्रिज का निर्माण किया गया। इस रेलवे ओवर ब्रिज में कई जगह गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों में कई जगहों पर सरिए भी निकल आए हैं। ऐसे में ब्रिज के ऊपर से निकलने वाले वाहनों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। वहीं अन्य जगहों पर गड्ढे होना शुरू हो चुके हैं।

करीब डेढ़ साल की अवधि में बनने वाले इस मंडी रेलवे ओवर ब्रिज पर धीमी गति से निर्माण कार्य के चलते इस बनकर तैयार होने में करीब छह साल लगे थे। इस बीच मंडी व श्यामपुर क्षेत्र में आवागमन करने वाले लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ा था। करीब पांच साल पहले ओवर ब्रिज से आवागमन शुरू हुआ था, लेकिन इसमें से करीब दो माह बाद ही सीमेंट और गिट्टी निकलना शुरू हो गई थी। इसके कई बार इसकी मरम्मत भी की गई, लेकिन हर बार उनकी सीमेंट और गिट्टी उखड़ जाती है, जिससे वापस से गड्ढे दिखाई देने लगते हैं।

### शहर और ग्रामीण अंचलों में भव्य तैयारियों के साथ रामनवमीं पर निकाली गई शोभायात्रा

# श्रीराम की शोभायात्रा में 13 झांकियों के साथ भगवामय नगर में निकले 5000 राम भक्त

**सनातन संस्कृति के अराध्य प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव पर सकल सोहागपुर में भगवामयी सड़के श्री राम के नारों से जयकारों से जहां गुंजायमान हो रही थी तो वहीं रामभक्त अपने आराध्य के जन्मोत्सव पर पूर्ण उत्साह और आनंद में नजर आते हुए सोहागपुर के अतीत में अमित छाप छोड़ रहे थे।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

श्रीराम जन्मोत्सव समिति से प्राप्त जानकारी अनुसार समिति ने 18 ग्रामों, 12 वार्डो की कुल 29 बैठके आयोजित की जिसमें रामनवमी उत्सव बनाने की चरणबद्ध रूप रेखा तैयार की गई और इसी के परिणाम स्वरूप बुधवार के पूर्व ही शहर के सभी क्षेत्रों, अंदरूनी मार्गो एवं मुख्य मार्ग की सजावट की जा चुकी थी। शोभायात्रा के समूचे मार्गो को सुंदर एवं भव्य रूप के साथ सजाया जा चुका था । बुधवार शाम पांच बजे के बाद नर्मदापुरम मार्ग स्थित शिव पार्वती मंदिर से पूर्व डीजीपी डॉक्टर महेंद्र शुक्ला , आशा शुक्ला द्वारा पूजन के बाद श्री रामनवमीं की मुख्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई। इस शोभायात्रा में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की करीब 12 शोभायात्राओं सहित कुल 13 झाकियां सम्मलीत हुई । मुख्य शोभायात्रा रामगंज वार्ड, मातापुरा वार्ड क्षेत्र भ्रमण करते हुए बिहारी चौक पहुंची। जहां शहर के अन्य भागों तथा समीप के ग्रामीण क्षेत्रों से आई शोभा यात्राएं भी पहुंची। बिहारी चौक से शोभायात्रा का विशाल एवं एकात्म रूप भव्यता के साथ आगे की ओर बढ़ा। श्रीराम जन्मोत्सव समिति संयोजक संतोष सराठे के अनुसार शोभायात्रा कमानिया गेट से होते हुए श्रीराम चौक पहुंची, जहां शानदार आतिशबाजी श्री राम जन्मोत्सव समिति के कार्यकर्ताओं ने की। यहां से शोभायात्रा पलकमती नदी पुल से होते हुए स्टेट हाईवे पर आगे बढ़ी तथा सिविल कोर्ट चौराहे के समीप स्टेट बैंक की स्थानीय शाखा के सामने सुंदर रूप में सजे मंच पर इस वर्ष की शोभायात्रा का विश्राम हुआ। इस दौरान प्रभु श्रीराम की झांकियों एवं श्री राम दरबार का पूजन किया गया। वहीं श्री हनुमान चालीसा का पाठ उपस्थित हजारों रामभक्तों ने एक स्वर में किया। जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। भव्य शोभायात्रा में 5 हजार से अधिक राम भक्त सम्मिलित हुए।

### रामलला की मूर्ति बनाने वाले बंधुओं की हो रही सराहना

अयोध्या में विराजित रामललाकी मूर्ति की हुबहू मूर्ति बनाने वाले सोहागपुर के दो सगे भाइयों जग्गू और गोलू की भरपूर सराहना हो रही है । प्रभु श्री राम का रथ तैयार करने वाले राहुल बेल्डिंग वर्क्स और थर्माकोल का कार्य करने वाले राजेश रघुवंशी के सहयोग की सराहना सोहागपुर में चर्चित है ।

### श्री राम की भक्ति में राजनीति को स्थान नहीं

रामनवमी के कार्यक्रम में सभी दलों के अधिकांश नेता भगवामय नजर आए । उक्त कार्यक्रम में दलगत भावना को दरकिनार करके सभी राममय नजर आए ।

कार्यक्रम में सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, पूर्व विधायक सविता दीवान, वरिष्ठ नागरिकों राजेंद्र सिंह चौधरी, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष पुष्पराज पटेल, पूर्व नपाध्यक्ष संतोष मालवीय, नप अध्यक्ष लता पटेल, उपाध्यक्ष आकाश पटेल, कृष्णा पालीवाल, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष आलोक जायसवाल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र चौधरी, व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल आदि ने समस्त क्षेत्रवासियों को श्री रामनवमीं की शुभकामनाएं दीं। रामनवमी उत्सव को भव्य स्वरूप देने के लिए श्रीराम जन्मोत्सव समिति का आभार व्यक्त किया ।

### श्री राम सैनिकों की मेहनत रंग लाई, संस्थापक की हुई सराहना

श्री राम सेना के संस्थापक संतोष सराठे के अनुसार उनके दिशा निर्देशन में श्री राम सेना के सदस्यों ने रात रात जागकर शहर को सजाने में अहम भूमिका अदा की। भाजपा नेता अनिल गैरैय्या ने फेसबुक पोस्ट के माध्यम से संतोष सराठे की सराहना में उन्हें सैल्यूट किया । उन्होंने लिखा कि आपने अथक मेहनत करके सोहागपुर के धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में अग्रणी भूमिका निभाई। ज्ञातव्य हो कि संतोष सराठे राम नाम पर खुद को समर्पित करते अनेकों पथ गामी बनाने में सफलता अर्जित की।

### सामाजिक व राजनैतिक संगठनों ने किया जगह-जगह स्वागत

श्रीराम जन्मोत्सव समिति संयोजक मंडल एवं कार्यकर्ताओं के अनुसार शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने अभिनंदन किया। कहीं जलपान के साथ तो कहीं शरबत, मिष्ठान व फलाहारी खाद्य पदार्थों के साथ श्रीराम भक्तों का नागरिकों ने अभिनंदन किया। शोभायात्रा में सम्मिलित श्रीराम भक्तों पर पुष्प वर्षा भी की गई। रात्रि लगभग नौ बजे के बाद स्टेट बैंक शाखा के ठीक सामने भव्य मंच पर हनुमान चालीसा के पाठ व प्रसाद वितरण के साथ आयोजन संपन्न हुआ। नगर परिषद, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग की ओर से पूरे दिन चुस्त एवं दुरुस्त सुरक्षा व्यवस्था की गई। जिसकी श्रीराम जन्मोत्सव समिति एवं समस्त रामभक्तों ने भरपूर सराहना की।

## रामनवमीं पर सजा मंदिर हुआ अखंड रामायण पाठ



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

समीपस्थ ग्राम जमुनिया के केसरी नंदन हनुमान मंदिर मैं बाल हनुमान सेवा के सदस्यों द्वारा राम जन्मोत्सव के उपलक्ष में मंदिर को सजाया गया मंदिर में रोशनी की गई राम जन्मोत्सव की पूर्व संध्या से अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया राम जन्मोत्सव पर केसरी नंदन हनुमान मंदिर को 1001 दीप जलाकर महा आरती का आयोजन रखा गया तथा भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा स्थानीय राम जानकी मंदिर से निकली गई जो की पीपल चौक पहुंची एवं पीपल चौक पर समस्त शोभायात्राएं एकत्रित हुई जिसने विशाल जुलूस का रूप धारण कर लिया ग्राम जमुनिया एवं सेमरी हरचंद का वातावरण भगवामय होकर राम जन्मोत्सव का कार्यक्रम ऐतिहासिक बन गया।

## न्यायालय के आदेश के बाद बीईओ को मिला प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

विकासखंड शिक्षा अधिकारी विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी एवं संकुल प्राचार्यश्री लाल रघुवंशी को विगत दिनों नर्मदा पुरम जिले के आयुक्त के द्वारा निलंबित कर दिया गया था। निलंबन आदेश पर तत्काल उच्च न्यायालय जबलपुर के द्वारा संज्ञान लेते हुए आयुक्त के आदेश को खारिज कर दिया गया है। और न्यायालय के द्वारा तत्काल दोबारा प्रभार देने के आदेश रघुवंशी को जिला शिक्षा अधिकारी को जारी कर दिए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा न्यायालय के आदेश पर तत्काल पिपरिया विधानसभा के विकासखंड शिक्षा अधिकारी संकुल प्राचार्य के प्रभाव वापस करते हुए कर्मचारियों के वेतन आहरण कर वितरण करने के भी आदेश जारी किए हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा बताया गया कि लोकसभा चुनाव को लेकर वह लगातार कार्य कर रहे हैं और नजर बनाए हुए हैं। याद रहेगी बिगड़ दोनों बनखेड़ी विकासखंड के नायक तहसीलदार से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था जिसकी शिकायत के आधार पर कमिश्नर के द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी को निलंबित कर दिया गया था लेकिन न्यायालय के आदेश अनुसार आयुक्त के आदेश को खारिज करते हुए उन्हें प्रभार देने के आदेश जारी किए। यह शादी इसको लेकर शिक्षा विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारियों ने खुशी जाहिर की है।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में गड़बड़ी करने पर 40 गाड़ी वापस

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



समर्थन मूल्य पर लगभग 14 केदो पर गेहूं की खरीदी की जा रही है। खरीदी केदो से सीधा गेहूं एफसीआई के द्वारा उठाया जावेगा। जिसमें पिपरिया से खरीदी केदो से परिवहन होकर गेहूं कंपनी के पास जावेगा ऐसे दिशा निर्देशों के अनुसार खरीदी की जा रही थी। लेकिन मध्य प्रदेश शासन केंद्र सरकार सहकारिता विभाग के निर्देश अनुसार समिति प्रबंधकों को एफ ए क्यूगेहूं खरीदने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन प्राप्त सूत्रों के अनुसार बताया गया कि गेहूं की खरीदी केंद्र में कुछ खरीदी केदो पर शासन के निर्देशानुसार गेहूं की खरीदी नहीं की गई प्रबंधक केंद्र अध्यक्ष कंप्यूटर ऑपरेटर एवं सरवर की मिली भगत से घटिया गेहूं खरीदा गया है। राशन के निर्देश अनुसार गेहूं में ब्रेडिंग मशीन एवं छाना लगाने के बाद साफ सुथरा गेहूं खरीदने के निर्देश थे। लेकिन जिन खरीदी केदो का गेहूं एफसीआई के द्वारा वापस किया गया है। वहां से प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया गया कि लगभग 40 गाड़ी जिसमें 2788 कुंतल गेहूं परिवहन के बाद वापस कर दिया गया है। इस गेहूं को रिजेक्ट कर दिया गया है 14 केदो पर 44416 कुंतल की खरीदी हुई है जिसमें 24300 कुंतल परिवहन हुआ था इस परिवहन में 1788 कुंतल 3 सहकारी समितियां का गेहूं रिजेक्ट कर दिया गया है जिसे गाड़ियों के माध्यम से वापस कर दिया गया है। जिनमें मुख्य रूप से देवगांव कृषक सेवा सहकारी समिति का 1590 कुंतल गेहूं एवं कृषक सेवा सहकारी समिति रामपुर का 530 कुंतल गेहूं एवं कृषक सेवा सहकारी समिति तरौनकला के दूसरे खरीदी केंद्र वाहेगुरु वेयरहाउस जहां पर की विगत खरीदी में भी गड़बड़ी की गई थी इस बार भी शासन के निर्देश को तक में रखते हुए काफी घटिया गेहूं खरीदा गया है जिसमें संबंधित सभी कर्मचारी शामिल हैं ऐसे भी अधिकारियों के द्वारा बताया जा रहा है। वाहेगुरु वेयर हाउस का 668 कुंतल घटिया किस्म का गेहूं नान एफ ए क्यू गेहूं खरीदने से वापस कर दिया गया है। अनुविभागीय अधिकारी संतोष तिवारी खाद्य नागरिक आपूर्ति अधिकारी एवं संबंधित सभी अधिकारियों के द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि उत्तम गेहूं ही खरीद जावेग। लेकिन प्रबंधकों के द्वारा घटिया गेहूं खरीदने के बदले में आपसी लेनदेन होने के कारण इस तरह का गेहूं खरीदा गया इसीलिए वापस किया गया है। खरीदी केदो के अलावा अन्य खरीदी केदो पर गेहूं खरीदी में कोई शिकायत प्राप्त न होने के कारण उत्तम क्वालिटी का गेहूं खरीदी होने के कारण कंपनी के द्वारा परिवहन किया जा रहा है। ग्रेडिंग मशीन कहीं भी इन खरीदी केदो पर दिखाई नहीं दे रही है। ना ही किसी खरीदी केंद्र पर छनने दिखाई दे रहे हैं।

## विधायक ने किया भाजपा कार्यालय का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन के 10 दिन पूर्व नगर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय का उद्घाटन सोहागपुर विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह ने भाजपा जिला उपाध्यक्ष ठाकुर सुरेश पटेल भाई साहब के साथ विधिवत पूजन अर्चन कर फीता काटकर भाजपा कार्यालय का उद्घाटन किया एवं भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर जाकर शुक्रवार को सुहागपुर में होने वाली मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की दर्शन सिंह चौधरी के पक्ष में होने वाली आम सभा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने हेतु ग्रामीणों से आग्रह करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता दिनेश नामदेव, मंगेश महेश्वरी, सरपंच चेतन मीना, योगेश मालवीय, राघव पटेल, मंडल उपाध्यक्ष घनश्याम यादव, ब्रजमोहन मीना, साहब सिंह पटेल, शिव महेंद्र पाराशर, सुशील सोनी, शिवकुमार खंडेलवाल, मनमोहन अग्रवाल, रामकुमार सोनी, रवि शंकर सोनी, नरेन्द्र कुशवाहा, भावेश दुबे, संजय पुरोहित, देवी सिंह ठाकुर, लखन मीना, कल्लू कुशवाहा, एहसान अली, हनीफ खान समेत झालौन के वरिष्ठ भाजपा नेता अतर सिंह पटेल एवं मलखान पटेल तथा ग्राम गोल से चंदन पटेल समेत अनेक कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव का रोड-शो व जनसभा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 19 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्री दर्शन सिंह चौधरी के पक्ष में रोड शो करेंगे और समापन स्थल पर जनसभा को संबोधित करेंगे। रोड शो शाम 4 बजे सीपीई के पास खेडापति मंदिर के सामने से प्रारंभ होगा जोकि हाईवे से होकर सिटी थाना, देना बैंक, पहली लाइन से नीमबाडा सराफा लाइन होकर, संस्कृत पाठशाला, फ्रूट मार्केट, तुलसी चौक से होकर जयस्तंभ चौक पर पहुंचेगी। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने शहर के नागरिकों से आव्हान किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में रोड शो व जनसभा में शामिल हों। रोड शो की तैयारी के लिए आज एक बैठक का आयोजन भी किया गया।

### मतदान जागरूकता रैली निकाली



**माखननगर।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत नगर परिषद् माखन नगर द्वारा नगर परिषद् कार्यालय से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली नगरपरिषद् से शुरू हुई। जो मंगलवारा बाज़ार , इंदोरी चौराहा, मेन रोड होते हुए निकली गई। रैली में मतदाताओं को पंपलेट, जनजागरूक स्लोगन एवं लोगों को नारों के माध्यम से मतदान करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर नगर परिषद् के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

### एग्जिट पोल तथा इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार 19 अप्रैल से एक जून तक प्रतिबंधित

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषण के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान 19 अप्रैल की सुबह 7 बजे से एक जून की शाम 6:30 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार-प्रसार करने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 28 मार्च 2024 को इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन के दौरान सभी मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिये नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घण्टों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामलों के प्रदर्शन पर भी पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा 126क में यह प्रावधानित किया गया है कि कोई भी व्यक्ति, कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का ऐसी अवधि के दौरान, जो निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचित की जाए, प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार भी नहीं करेगा। यदि कोई व्यक्ति इस प्रावधान का उल्लंघन करेगा, तो वह ऐसी अवधि के कारावास से, जो दो वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से, दण्डनीय होगा।

### आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ली भाजपा की सदस्यता



**पचमढ़ी।** होशंगाबाद नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा के प्रत्याशी दर्शनसिंह चौधरी तथा पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने रामनवमी में पचमढ़ी प्रवास कर जनसंपर्क किया। इस कार्यक्रम के दौरान दर्शन सिंह चौधरी, भगवान श्री राम की शोभायात्रा में शामिल हुए और रामभक्तों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने जुलूस के साथ चल रहे अखाड़े में अपने कौशल का भी प्रदर्शन किया तथा महाआरती में भी शामिल हुऐ उसके उपरॉत कार्यकर्ताओं की एक बैठक को भी संबोधित किया इस बैठक में दर्शनसिंह चौधरी तथा पिपरिया विधायक ठाकुर दास नागवंशी ने पचमढी की आम आदमी पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ताओं मोहनलाल साहू, सुरेन्द्र बान, नवीन कुमार बुसैल तथा पचमढी के युवा वर्ग विशाल साहू (अधिवक्ता), साहिल कटारिया, रोहित जमकातर, प्रॉल समुन्द्रे, हिमाँशु चौंडकर एवं राजा सहित अन्य युवकों को सदस्यता दिलाई। इस कार्यक्रम में भाजपा मडल पचमढी के प्रभारी संजय लेडवानी, मंडल अध्यक्ष पवन झा, पूर्व साडा अध्यक्ष कमलधूत सहित भाजपा मंडल पचमढी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यवकर्तागण मौजूद रहे। बैठक में आभार पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रकॉत अग्रवाल के द्वारा किया गया।

### श्रद्धामय कन्या भोज एवं कन्या पूजन का समापन



**पचमढ़ी।** चैत्र नवरात्रि पावन पर्व के उपलक्ष में मॉ अंबे माई मंदिर पचमढ़ी में बैठकी के साथ प्रारंभ हुई नौ दिवसीय कन्या भोज एवं कन्या पूजन का आज श्री रामनवमी के दिन समापन हुआ। कन्या भोज एवं कन्या पूजन में पचमढ़ी के समस्त श्रद्धालु जनों का सहयोग रहा। प्रतिदिन कन्याओं को बस के द्वारा मॉ अंबे मंदिर पहुंच कर,चरण धोकर,पोछकर,अलता लगाकर कन्याओं का तिलक कर उन्हें खीर पुरी फल एवं तरह-तरह के व्यंजनों के द्वारा भोग लगाया जाता था तत्पश्चात उन्हें उपहार एवं दक्षिण देकर बस द्वारा उन्हें यथा स्थान सुरक्षित पहुंचाया जाता था। इस आयोजन से पचमढ़ी नगर की समस्त कन्याएं अत्यधिक प्रसन्न दिखाई दी एवं नगर में आयोजनकी चारों ओर सराहना की जा रही है। आयोजन को सफल बनाने में रमेश त्रिपाठी, संजय कोरी, संदीप गुप्ता,प्रशांत पटेरिया,सत्येंद्र,राजू चौधरी,पवन साहू,प्रखर अग्रवाल, सोमनाथ गुप्ता,लखन डब्बू,घनश्याम गुप्ता,रितिक गुप्ता गगन साहू, पुंज अग्रवाल, निधि खन्ना का विशेष सहयोग रहा।

### नागरिकों ने किया भगवान श्रीराम की झांकी का अभिनंदन

## हर्षोल्लास से निकली भगवान श्रीराम की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद





सनातन धर्म की परंपरा अनुसार इस वर्ष भी भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया है। विगत वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष भगवान श्री राम का जन्म उत्सव भव्य शोभा यात्रा के साथ लव कुश मंदिर राम जानकी मंदिर एवं जमुनिया तथा झालौन रोड से भगवान की भव्य शोभायात्रा स्थानीय पीपल चौक पर एकत्रित होने के उपरांत स्थानीय खेड़ापति मंदिर पर भगवान श्री राम की भव्य आरती पूजा एवं प्रसादी वितरण के साथ संपन्न हुई। इस वर्ष भगवान प्रभु श्री राम की भव्य जन्म उत्सव शोभा यात्रा सभी ग्रामीण जनों द्वारा सहयोग एवं इस वर्ष तीन-चार दिनों पूर्व से चल रही तैयारी का परिणाम रहा युवाओं के अथक प्रयास से इस वर्ष भगवान की भव्य शोभा यात्रा नगर में ऐतिहासिक रही स्थानीय पीपल चौक पर तीनों दिशाओं से आई भव्य जुलूस में शोभा यात्रा एकत्रित होकर स्थानीय खेड़ापति मंदिर पहुंची। शोभा यात्रा में नगर के सभी जाति वर्ग पार्टी संगठन के लोग भारी संख्या में सम्मिलित हुए भगवान राम के जन्म उत्सव में इस बार नगर में सांप्रदायिक सौहार्द भी देखने को मिला मुस्लिम समाज द्वारा राम भक्तों का पुष्प बरसाकर एवं जलपान कराकर स्वागत किया गया स्थानीय पीपल चौक पर भी सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा राम भक्तों को फलाहार के साथ स्वागत किया यात्रा का समापन स्थानीय खेड़ापति मंदिर पर भव्य आरती एवं प्रसादी वितरण के साथ संपन्न हुआ।









## खबर संक्षेप

### चौकीदार की पत्नी भोजन बनाते समय जली, अस्पताल में भर्ती

**हरदा।** शीतल वेयर हाउस पर काम करने वाले चौकीदार की पत्नी बुधवार दोपहर का खाने बनाते समय जल गई। परिजन शाम को उसे जिला अस्पताल लेकर आए। महिला करीब 50 प्रतिशत से अधिक जल गई। जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भूरी पति रामप्रसाद कोरकू 25 साल बुधवार को खाना बना रही थी। तभी आग से वह जल गई। हादसा दोपहर 12 बजे का बताया जा रहा है। रामप्रसाद छीपानेर रोड स्थित शीतल वेयरहाउस पर चौकीदारी करता है। घटना के करीब 7 घंटे बाद महिला के परिजन उसे जिला अस्पताल में लेकर आए। महिला करीब 50 प्रतिशत से अधिक जल गई। गंभीर रूप से जली महिला का इलाज जारी है। परिजनों से जब पूछा कि घटना दोपहर की है और वे शाम को महिला को अस्पताल क्यों लेकर आए तो वे इसका जवाब नहीं दे पाए। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### नावरा डिप्टी रेंजर ने की आत्महत्या

**बुरहानपुर।** नेपा तहसील के ग्राम नावरा में वन विभाग में पदस्थ रेंजर अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार डिप्टी रेंजर दिनेश नवाड़े 42 ने बुधवार गुरुवार की दरमियानी रात करीब 12 बजे के ये कदम उठाया। मामला पारिवारिक विवाद का बताया जा रहा है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि पति पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद हुआ था। डिप्टी रेंजर पति दिनेश नवाड़े ने देर रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार सुबह इसकी जानकारी सामने आई। नेपा थाना प्रभारी ज्ञानू जायसवाल ने बताया डिप्टी रेंजर ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामला पारिवारिक विवाद का है। जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की स्थिति स्पष्ट होगी।

### गर्भवती व धात्री माताओं को मतदान की शपथ दिलाई

**हरदा।** लोकसभा निर्वाचन के लिए हरदा जिले में 7 मई को मतदान होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह के निर्देशन में जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के के लिये तरह-तरह की मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में गुरूवार को हरदा शहर के आंगनवाड़ी केन्द्र में टीकाकरण के दौरान गर्भवती व धात्री माताओं को लोकसभा निर्वाचन के लिये मतदान की शपथ दिलाई गई। इसके अलावा खिरकिया के ग्राम झिरपी व गोमगांव में झंडा रैली आयोजित कर ग्रामीणों को 7 मई लोकसभा निर्वाचन के लिये मतदान करने के लिये प्रेरित किया गया।

### आज होगा स्वीप ओलम्पिक

**हरदा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत हरदा जिले की दोनो विधानसभाओ मे 7 मई को मतदान होना है। मतदान में अधिक से अधिक मतदाताओं की सहभागिता के लिए स्वीप गतिविधि के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी क्रम में 19 अप्रैल को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में स्वीप ओलम्पिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन जाएगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के नोडल अधिकारी रोहित सिसोनिया ने ह्यह्यस्वीप ओलम्पिकह्लह्ल खेल प्रतियोगिता के लिये जिला शिक्षा अधिकारी हरदा को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी तथा जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र हरदा को सहायक नोडल अधिकारी बनाया है।

### विवाह सम्मेलन में गरीब कन्याओं का उपचार

**हरदा।** हंडिया में बलाही समाज के निःशुल्क विवाह सम्मेलन में गुरुवार को 21 गरीब कन्याओं का विवाह हुआ। समिति के सदस्य अधिवक्ता सुखराम बामने ने बताया की बलाही समाज धर्मशाला हंडिया में सम्मेलन हुआ। इसमें खंडवा, सीहोर, नर्मदापुरम और हरदा जिले के 21 जोड़े शामिल हुए। पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष रामचरण सिंधे ने वर-वधू को आशीर्वाद दिया।

## कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्र और मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

# सिराली मंडी में बनेगा किसानों के लिए अतिरिक्त शौचालय भवन: कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर आदित्य सिंह ने गुरूवार को जिले के खिरकिया व सिराली तहसील के क्षेत्र के ग्रामों का दौरा कर मतदान केन्द्रों व उपार्जन केन्द्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान उन्होने सुल्तानपुर, सिराली, दीपगांव कला, खुदिया, जूनापानी, चिकलपाट, मोरगढ़ी, भंवरदी गांवों का दौरा किया। सुल्तानपुर वेयरहाउस के निरीक्षण के दौरान उन्होने फसल बेचने आये गहाल के किसानों से चर्चा कर उपार्जन व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने मोरगढ़ी में स्थैतिक निगरानी दल के लिये बनाये गये चेकपोस्ट का निरीक्षण किया और ग्राम पड़वा के उपार्जन केन्द्र व खिरकिया मण्डी की व्यवस्थाएं भी देखी।

निरीक्षण के दौरान ग्राम दीपगांव के उपार्जन केन्द्र में कलेक्टर श्री सिंह ने मजदूरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होने ग्राम खुदिया में उपार्जन केन्द्र के निरीक्षण के दौरान सर्वेयर उपस्थित नही होने पर नाराजगी व्यक्त की। ग्राम खुदिया के स्कूल में बनाये गये मतदान केन्द्र का निरीक्षण कर उपस्थित शिक्षकों से स्कूल में बच्चों के प्रवेश के संबंध में जानकारी ली और पंचायत सचिव व जीआरएस को स्कूल परिसर में साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये।



### उपार्जन केन्द्रों में निर्धारित समय पर खरीदी शुरू करें

दीपगांवकला के स्कूल में बनाये गये मतदान केन्द्र को भी कलेक्टर श्री सिंह ने देखा तथा उपस्थित शिक्षकों को निर्देश दिये कि आंगनवाड़ी केन्द्र में पांच वर्ष से अधिक आयु के दर्ज बच्चों को शाला में प्रवेश दिलाने की व्यवस्था करें। दीपगांवकला के उपार्जन केन्द्र में उन्होने खरीदे गये गेहूँ की बोरियों की सिलाई का कार्य और बोरियों को शिफ्ट करने के कार्य में गति लाने के निर्देश दिये। उन्होने उपस्थित अधिकारियों को सभी उपार्जन केन्द्रों पर खरीदी का कार्य निर्धारित समय पर शुरू करने के लिये कहा ताकि किसानों को ज्यादा इंतजार न करना पड़े। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए उन्होने उपार्जन केन्द्रों पर छाँव और पेयजल की व्यवस्था के लिये भी कहा।

### उचित मूल्य पर भोजन की व्यवस्था करें

*कलेक्टर श्री सिंह ने बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिराली के मतदान केन्द्र का भी निरीक्षण किया। उन्होने सिराली कृषि उपज मण्डी की व्यवस्थाएं भी देखीं और किसानों के लिये अतिरिक्त शौचालय भवन निर्मित कराने तथा रियायती दर पर किसानों के लिये स्वसहायता समूहों के माध्यम से भोजन व्यवस्था कराने के निर्देश मण्डी सचिव और मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिराली को दिये। ग्राम पंचायत जूनापानी और चिकलपाट के मतदान केन्द्र का भी कलेक्टर श्री सिंह ने निरीक्षण किया। उन्होने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्र के बाहर मतदान के दिन शेड लगवाने तथा बेहतर पेयजल व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिये।*

## सायकल चलाकर करेंगे मतदाताओं को जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

लोकसभा निर्वाचन के लिए हरदा जिले में 7 मई को मतदान होगा। मतदान से पहले कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह के निर्देशन में मतदाताओं को जागरूक करने के लिये विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में 20 अप्रैल शनिवार को सायकल रैली आयोजित की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी व स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी संजय त्रिपाठी ने बताया कि यह सायकल रैली सुबह 6:30 बजे ग्राम हंडिया से प्रारम्भ होकर ग्राम ऊँचान तक जायेगी। सायकल रैली को कलेक्टर आदित्य सिंह हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। रैली में कलेक्टर के साथ-साथ पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रोहित सिसोनिया एवं अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. गौडा भी शामिल होंगे। रैली हंडिया से मांगरूल, सगोदा, नयागांव होते हुये ऊँचान पहुँचेगी। रैली में जिला प्रशासन के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी, जागरूक युवा एवं अन्य मतदाता भी शामिल होंगे।

## कोविड महामारी के दौरान हटाए गए थे

## मेडिकल कॉलेज के पूर्व डीन डॉ. दादू ने फिर से संभाली कुर्सी




हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

18 मेडिकल कॉलेजों में नए डीन की नियुक्ति का आदेश जारी किया गया है, जिसमें डॉ. एसके दादू भी शामिल हैं। डॉ. दादू भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद शुक्रवार-शनिवार में पदभार संभाल सकते हैं। डॉ. दादू को कोविड संक्रमण के दौरान जिला अस्पताल के कमजोर प्रबंधन पर तत्कालीन संभागयुक्त आकाश त्रिपाठी ने 6 अप्रैल 2020 को हटाया था। डॉ. दादू को हटाने के लिए पूर्व कलेक्टर तन्वी सुंद्रियाल ने मांग की थी। क्योंकि कलेक्टर तन्वी सुंद्रियाल ने कोरोना वायरस के संक्रमण से निपटने के लिए 360 बेड के आइसोलेशन वार्ड को तैयार करने के निर्देश दिए थे, लेकिन डीन डॉ. दादू तब केवल 180 बेड का ही वार्ड तैयार करा पाए थे। लेकर कई निर्देश दिए थे, लेकिन उसका भी पालन डॉ. दादू द्वारा नहीं कराया गया था। डॉ. दादू की जगह कॉलेज के ही डॉ. अनंत पवार को प्रभारी डीन बनाया गया था। डॉ. पंवार ने 7 अप्रैल 2020 को प्रभार ग्रहण किया था। इधर, नेपानगर विधायक मंजू दादू रिश्ते में डॉ. दादू की भतीजी लगती है।

## 3 को किया जिला बदर

## 5 आरोपियों से भरवाया 25-25 हजार रुपए का बंधपत्र

**खंडवा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अनूप कुमार सिंह ने आरोपी करण पिता शैलेन्द्र राजपूत निवासी ग्राम डेहरिया, अरूण पिता राजाराम हिरवे निवासी छिरवेल, दशरथ पिता कल्ला पंवार निवासी ग्राम मलगांव, वल्लभ पिता नारायण पटेल निवासी पुनासा एवं दीपक पिता श्याम मराठा निवासी संजय नगर खण्डवा की आपराधिक पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुये 25-25 हजार रूपये का बंधपत्र भरवाकर प्रस्तुत करने के आदेश जारी किया है। आरोपियों को शर्तो का पालन करने संबंधी बंधपत्र भरना होगा।

आदेश जारी होने की तिथि से आगामी 6 महीने तक आरोपियों को प्रत्येक माह के प्रथम एवं अंतिम सोमवार को संबंधित थाने में अपनी उपस्थिति दर्ज कराना होगी। इसके अलावा एक अन्य आरोपी भारत उर्फ भरत पिता मारूतिराव मराठा निवासी टपालचाल खण्डवा को 50 हजार रूपये का बंधपत्र भरवाकर प्रस्तुत करने का आदेश जारी किया है। आदेश जारी होने की तिथि से आगामी 3 माह तक आरोपी को प्रत्येक माह के प्रथम एवं अंतिम सोमवार को संबंधित थाने में अपनी उपस्थिति दर्ज कराना होगी। इसके अलावा कलेक्टर सिंह ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर 3 आरोपियों को जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं। आरोपी धर्मेन्द्र पिता दूरसिंग बारेला निवासी ग्राम डेहरिया एवं ललित पिता अनोखीलाल जायसवाल निवासी ग्राम मोहन्याभाम को 6-6 माह के लिए तथा मनीष पिता गुलाबचंद वर्मा निवासी सोनकर मोहल्ला भगतसिंह चौक खण्डवा को 3 माह के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं। इस अवधि में ये जिला बदर आरोपी खण्डवा जिले के साथ-साथ बुरहानपुर, खरगोन, देवास, बैतूल, हरदा एवं इंदौर जिले की सीमाओं में भी प्रवेश नही कर सकेंगे।

## सारे काम छोड़ दो- सबसे पहले वोट दो

### मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आयोजित हुई महिला वॉकाथन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खण्डवा

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए खण्डवा संसदीय क्षेत्र में आगामी 13 मई को मतदान होगा। जिले में शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में गुरूवार को नगर निगम चौराहे से महिला वॉकाथन आयोजित हुई। रैली को स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी नीरज पाराशर ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रैली नगर निगम चौराहे से प्रारंभ हुई जो घण्टाघर, बाम्बे बाजार, केवलराम पेट्रोल पम्प से होते हुए वापस नगर निगम चौराहे पर आकर सम्पन्न हुई। इस दौरान श्री पाराशर ने उपस्थित महिलाओं को मतदान करने एवं मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु शपथ दिलाई। इसके अलावा रामनवमी पर्व पर आयोजित चल समारोह में नगर निगम चौराहे पर मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमें मतदाताओं ने लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने हेतु हस्ताक्षर किए। इस दौरान सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ दिलाई गई तथा यह अनुरोध किया गया कि वह अपने साथी, संबंधी सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर सेल्फी प्वाइंट भी रखे गए थे, जहां पर मतदाताओं ने सेल्फी लेकर आगामी लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने के लिए संकल्प लिया।

### मदरसा में पढ़ने वाले बच्चों की तालाब में डूबने से मौत

**खकनार।** थाना क्षेत्र के ग्राम नांदुरा खुर्द से डेढ़ किमी दूर बने तालाब पर गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे तीन दोस्त मोटरसाइकिल धोने के लिए गए थे दो दोस्त मोटरसाइकिल धोते धोते डूब गए। एक दोस्त ने परिजन को फोन पर सूचना दी उसके बाद गंभीर हालत में उन्हें बाहर निकाला अस्पताल ले जाते समय उन्होंने बीच मे दम तोड़ दिया।जानकारी अनुसार जलगांव जिले के मारूल गांव के मदरसे में पढ़ने वाले डोईफोड़यि निवासी मो.अल्फेश, मो.मुज्महिल,मो.रियान तीन छात्र रमजान की छुट्टी पर घर आए थे। गुरुवार को तीनो एक बाइक पर बैठकर बाइक को धोने नांदुरा खुर्द के तालाब पर गए थे।गाड़ी धोने मो.अल्फेश, मो.मुज्महिल तालाब में गए थे।रियान बाहर बैठा हुआ था अचानक गहरे पानी मे चले जाने के कारण दोनों डूबने लगे इस वक्त बाहर बैठा रियान घबरा गया उसने आसपास लोगों को देखा लेकिन तेज धूप के कारण उस वक्त तालाब पर कोई नही मौजूद था। उसने तत्काल परिजन को सूचना दी इसके बाद परिजन ग्रामीणों की सहायता से उन्हें निकाला और अस्पताल के लिए तत्काल ले गए। रास्ते मे ही मो.अल्फेश पिता यूसुफ खान(15),मो.मुज्महिल पिता हारूल(14) की मौत हो गई। खकनार टीआई विनय आर्य ने बताया कि दोनों बालक की तालाब में डूबने से मौत हुई है।मामले की जांच की जा रही है।

## 'विकास कार्यों को लेकर हम जनता के बीच पहुंचेंगे'



हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

लोकसभा चुनाव को लेकर सांसद और भाजपा प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल ने पार्टी के जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर निर्वाचन अधिकारी अनूप कुमार सिंह के समक्ष अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि पंडितों के द्वारा निकल गए मुहूर्त के हिसाब से पाटिल ने शुभ मुहूर्त में अपना नामांकन पत्र जमा किया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारी ने उन्हें बधाई प्रेषित की, नामांकन के पश्चात पत्रकारों से चर्चा के दौरान पाटिल ने कहा कि हमारी सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों एवं देश में चल रही गरीब कल्याण की जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से हमारा जो संकल्प है और देश की जनता का जो नारा बन चुका है। अबकी बार 400 पार, इस बार फिर मोदी सरकार को लेकर हमारी पार्टी का एक कार्यकर्ता चुनाव के इस महासंग्राम में मैदान में उतर चुका है। तेज गर्मी में भी जिस कार्यकर्ता को जो जवाबदारी दी गई है उसे पूर्ण किया जा रहा है। संसदीय क्षेत्र की जनता एवं कार्यकर्ताओं की मेहनत के परिणाम स्वरूप अच्छे मतों से हमारी विजय इस लोकसभा चुनाव में होगी। यह बात सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल ने शुभ मुहूर्त का अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात पत्रकारों से कहीं वहीं पाटिल ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि, यदि कांग्रेस उम्मीदवार के पास वैसे तो पैसे की कमी नहीं है लेकिन यदि कभी भी है तो जनता के बजाय कार्यकर्ताओं से रुपया प्राप्त करें, आज हमने पंडितों द्वारा चुनाव में हमें जीत प्राप्त हो इस हेतु निकाले गए जीत के मुहूर्त के चलते अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया है। 20 अप्रैल को प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में विशाल नामांकन रैली के रूप में एक और नामांकन पत्र जमा किया जाएगा।



## ज्ञानेश्वर पाटिल ने शुभ मुहूर्त में अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया

**खंडवा।** सांसद एवं खंडवा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल ने शुभ मुहूर्त में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अनूप कुमार सिंह को अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया, प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि पाटिल के साथ जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल, विधायक कंचन मुकेश तनवे ,गोकुल दास प्रजापति, धर्मेंद्र बजाज साथ में थे, आज तीन नामांकन पत्र सेट जमा किए गए जिसमें जिला अध्यक्ष पटेल के साथ ही लोकसभा चुनाव संयोजक हरीश कोटवाले, प्रभारी कल्याण अग्रवाल, जिला महामंत्री राजेश तिवारी, अरुण सिंह मुन्ना ,सूरजपाल सिंह राजपाल सिंह तोमर, प्रस्तावक पूनम चंद देवकरण अधिवक्ता आदित्य प्रजापति भी नामांकन के समय साथ थे।

## परमार समाज के प्रतिनिधि मंडल ने वन विभाग को सौंपा ज्ञापन

**सीहोर।** छावनी सब्जी मंडी के पास जगदीश मंदिर पर अवैध रूप से चल रही आरा मशीन संचालक पर कार्रवाई की मांग को लेकर एक प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को वन विभाग के अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने तत्काल कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर वन विभाग के अधिकारी ने परमार समाज के प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन देते हुए शीघ्र आरा मशीन को हटाने की बात कही है। परमार समाज के पूर्व अध्यक्ष तुलसीराम पटेल ने बताया कि शहर के प्राचीन जगदीश मंदिर पर अवैध रूप से आरा मशीन चलाई जा रही है। इसको लेकर परमार समाज के अलावा क्षेत्र के श्रद्धालुओं में आक्रोश व्याप्त है। वन विभाग की ओर से न तो इनके पास लाइसेंस प्राप्त है और न ही वे वन विभाग के कोई नियम-कानून को मानते हैं। विभागीय स्तर पर इस प्रकार के अवैध कारोबार पर रोक लगाने की दिशा में अबतक कोई ठोस करवाई नहीं की गई, लिहाजा उन लोगों का हौसला बुलंद है। वहीं परमार समाज आरा मशीन को हटाने के लिए चक्कर काट रहा है, लेकिन डीएफओ के आश्वासन के बाद समाज ने ज्ञापन सौंप कर शीघ्र ही इस ओर ध्यान देने की बात कही। इस अवसर पर परमार समाज की ओर से ज्ञापन देने वालों में शिव परमार मुरली, विष्णु परमार रोलूखेडी, अनार सिंह, विक्रम परमार, प्रेम सिंह, तेज सिंह आदि शामिल रहे।

# अप्रैल माह में ही सूख गई सीवन नदी जगह-जगह बस नजर आ रही जलकुंभी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अप्रैल माह के तीसरे सप्ताह की शुरुआत के दौरान ही शहर में बहने वाली सीवन नदी लगभग सूख चुकी है। इसका प्रमुख कारण यह है कि समय-समय पर नदी की साफ सफाई नहीं हुई और भगवानपुर जलाशय से छोड़े जाने वाला पानी भी नदी में नहीं छोड़ा गया है।

जानकारी के अनुसार नगर में बहने वाली सीवन नदी में पानी रहता है तो नगर के जल स्त्रोत हुए बावड़ी और हैंडपंप में भी पर्याप्त पानी रहता है। लेकिन इस साल सीवन नदी



जल्दी सूख जाने के कारण अब जल स्त्रोत भी दम तोड़ने लगे हैं। इस साल सीवन नदी की ओर ध्यान ही नहीं दिया गया। जिसके कारण सीवन का जीवन खतरे में आ गया है और जिस समय जिले के सभी जलस्त्रोतों में भरपुर पानी रहना चाहिए ऐसे समय में सीवन नदी सूख चुकी है। सीवन नदी एक मात्र नदी है यही वजह है कि त्योहारों पर परंपरागत रूप से श्रद्धालु सीवन नदी में दीपदान करते हैं, लेकिन इस समय सीवन नदी में पानी ही नहीं है। यदि श्रद्धालु दीपदान करने जाएंगे तो नदी में जल के अभाव में दीपदान कहां करेंगे। इस प्रकार सीवन नदी में पानी नहीं होने के कारण सीवन नदी का स्वारूप बदला हुआ नजर आ रहा है, पानी की जगह सूखी जमीन और जलकुंभी के ढेर के अलावा कुछ भी नजर नहीं आ रहा।